<u>समाचार</u>

# पौनी पसारी योजना से परम्परागत व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा–राजस्व मंत्री

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने बुधवारी में किया पौनी पसारी योजना के निर्माण कार्य का भूमिपूजन)




कोरबा 05 नवम्बर 2020 –प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा परम्परागत व्यवसाय को बढ़ावा देने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में पौनी पसारी योजना क्रियान्वित की गई है, इस योजना से हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के परम्परागत व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा एवं लोगों को रोजगार के मौके उपलब्ध होंगे।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने गुरूवार को बुधवारी बाजार के समीप पौनी पसारी योजना के निर्माण कार्यो के भूमिपूजन अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत बुधवारी बाजार में पौनी पसारी योजनांतर्गत 24 लाख 12 हजार रूपये की लागत से योजना से संबंधित निर्माण कार्य कराए जाने हैं। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पौनी पसारी योजनांतर्गत बुधवारी बाजार के समीप 08 चबूतरा पसरे का निर्माण, टायलेट का निर्माण तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाएगी। इस निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने के पश्चात परम्परागत व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को अपने व्यापार संचालन हेतु एक सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पौनी पसारी योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, इससे परम्परागत व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा क्षेत्र में 04 स्थानों पर पौनी पसारी योजना के तहत निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाएंगे तथा चबूतरे पसरे का निर्माण होगा, प्रत्येक स्थल पर शौचालय की सुविधा

मुहैया कराई जाएगी, साथ ही शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था होगी। उन्होने आगे कहा कि सड़क नाली पानी, बिजली जैसी सुविधाओं से संबंधित कार्यो पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं, निगम का प्रमुख उद्देश्य है कि आमजनता को मौलिक सुविधाओं की बराबर उपलब्धता बनी रहें तथा सभी वार्ड व बस्तियों में समान रूप से विकास कार्य हों।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम की मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, श्रीमती सपना चौहान, सुखसागर निर्मलकर, प्रदीपराय जायसवाल, पार्षद रवि चंदेल, अनुज जायसवाल, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर एवं मनकराम साहू, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, सहायक अभियंता तपन तिवारी, एन.के.नाथ आदि के साथ अन्य नागरिक उपस्थित थे।